FC 240701

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**वित्त समिति की बैठक दिनांक 01 जुलाई, 2024 का कार्यवृत्त।**

लखनऊ विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक आज दिनांक 01 जुलाई, 2024 को अपराहन 1:00 बजे प्रशासनिक भवन स्थित मंथन कक्ष में आहूत की गयी।

बैठक में निम्न अधिकारीगण उपस्थित रहे:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 आलोक कुमार राय** | **कुलपति** | **अध्यक्ष** |
| 2. | प्रो0 मनुका खन्ना, | प्रति–कुलपति | सदस्य |
| 3. | श्री आर. के. सिंह | सहायक लेखाधिकारी, पेंशन एवं कोषागार, प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 शासन। | सदस्य |
| 4. | डा0 सुधीर कुमार | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ। प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 5. | डा0 विनोद कुमार सिंह | कुलसचिव | सदस्य |
| 6. | श्री विद्यानन्द त्रिपाठी, | परीक्षा नियंत्रक | सदस्य |
| 7 | श्रीमती हिमानी चौधरी | वित्त अधिकारी | सदस्य सचिव |

**बिन्दु संख्या–01**

वित्त समिति की गत बैठक दिनांक 07 मार्च, 2024 की अनुपालन आख्या वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिसपर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। ।

**बिन्दु संख्या–02**

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किये गये वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 के आर्थिक चिट्ठे वित्त समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये, जिसपर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–03**

स्व0 श्रीमती सपना अग्रवाल (वार्ष्णेय), ने उत्तर प्रदेश राज्य केन्द्रीयत सेवा के अन्तर्गत सहायक कुलसचिव के पद पर दिनांक 06.02.2020 को लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में कार्यभार ग्रहण किया था। इससे पूर्व उनके द्वारा इण्ट्री आपरेटर के पद पर की गयी सेवाओं को उनकी मृत्यु दिनांक 07.06.2020 तक की सेवाओं को जोड़कर सेवानिवृत्तिक लाभ प्रदान किये जाने हेतु उनके वेतन संरक्षण के सम्बन्ध में प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–04**

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय संकाय में कार्यरत प्रयोगशाला अनुदेशकों को न्यूनतम वेतनमान रू0 35,400/– नियत + सी.पी.एफ. प्रतिमाह की दर से भुगतान किये जाने विषयक प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा इसे अगली वित्त समिति के समक्ष विस्तृत विश्लेषण व अन्य विश्वविद्यालयों का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

**बिन्दु संख्या–05**

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के मुख्य अभिरक्षक द्वारा प्रस्तुत सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से विभिन्न छात्रावासों के लिए कुल 24 कर्मचारी (01 केयर टेकर, 08 स्वीपर, 03 वियरर, 05 माली, 04 चौकीदार, 01 कार्यालय सहायक, 01 प्लम्बर तथा 01 इलेक्ट्रिशियन) नियोजित किये जाने विषयक प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा उक्त प्रकरण पर असहमति व्यक्त की गयी।

**बिन्दु संख्या–06**

लखनऊ विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम डा0 गिरि लाल गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ एण्ड पब्लिक एफेयर्ड से सम्बन्धित तैयार किये गये निम्नवत् शुल्क ढाँचे पर अनुमोदन प्रदान किया जाना:–

| Sl No. | Subject | Amount Rs. |
|---|---|---|
| 1 | Admission Fee | 300.00 |
| 2 | Cultural Activities | 100.00 |
| 3 | Caution Money (Refundable) | 500.00 |
| 4 | Delegacy | 30.00 |
| 5 | Development | 1000.00 |
| 6 | Enrolment | 500.00 |
| 7 | Examination | 2000.00 |
| 8 | Games | 100.00 |
| 9 | Identity Card | 50.00 |
| 10 | Laboratory fee | 2000.00 |
| 11 | Library and E-library fee | 300.00 |
| 12 | Municipal Fee | 100.00 |
| 13 | Student Welfare fund | 100.00 |
| 14 | Tuition Fee | 2800.00 |
| 15 | Rovers/Rangers Fund | 50.00 |
| | Total Rs. | 35,130.00 |

अतः समिति द्वारा उक्तानुसार शुल्क अध्यादेश पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–07**

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के स्टाफ क्लब में परिचर के पद पर कार्यरत बब्लू को दैनिक वेतन की दर पर दिनांक 01.02.2019 से भुगतान सम्बन्धी प्रकरण पर वित्त समिति की बैठक दिनांक 26.03.2022 के बिन्दु संख्या 06 में लिए गये निर्णय के आलोक में प्रकरण पर पुनः परीक्षण हेतु मा0 कुलपति के अनुमोदन के कम में कार्यालय ज्ञाप संख्या पी/19490 दिनांक 12.10.2022 द्वारा गठित समिति की बैठक दिनांक 21.02.2024 की आख्या रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिसपर समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में संस्तुतियों के अनुसार कार्यवाही किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी।

**बिन्दु संख्या–08**

लखनऊ विश्वविद्यालय में उप–कुलसचिव के पद पर कार्यरत श्रीमती शशि प्रभा तिवारी का वेतन रू0 52,000/– एवं श्री प्रमोद कुमार मिश्रा का वेतन 50,500/– निर्धारण सम्बन्धी प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा यह सुझाव दिया गया कि सृजित पद के प्रति वेतनमान पूर्व में ही निर्धारित होता है अतः प्रकरण पर नियमानुसार शासन से अनुमोदन प्राप्त किया जाना समीचीन होगा।

## अन्य बिन्दु

**बिन्दु संख्या–01**

परियोजना प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 यूनिट–08 द्वारा निर्माण कार्यो पर जुलाई, 2022 से वस्तु एवं सेवाकर 12 प्रतिशत के स्थान पर 18 प्रतिशत हो जाने के कारण मालवीय सभागार के नवीनीकरण कार्य हेतु भुगतान की गयी धनराशि रू0 288.36 लाख के अतिरिक्त वस्तु सेवाकर की बढ़ोत्तरी की फलस्वरूप मॉगी गयी अन्तर की धनराशि रू0 15.31 लाख दिये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–02**

परियोजना प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 यूनिट–08 द्वारा निर्माण कार्यो पर जुलाई, 2022 से वस्तु एवं सेवाकर 12 प्रतिशत के स्थान पर 18 प्रतिशत हो जाने के कारण ए.पी.सेन सभागार के नवीनीकरण कार्य हेतु भुगतान की गयी धनराशि रू0 354.21 लाख के अतिरिक्त वस्तु सेवाकर की बढ़ोत्तरी की फलस्वरूप मॉगी गयी अन्तर की धनराशि रू0 18.81 लाख दिये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–03**

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यकता के दृष्टिगत निम्नानुसार खाते खोले गये है, जिन्हें वित्त समिति के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत किया गया।

| Sl No. | A/C Name | A/C No. | Bank Name | SIGNATARY |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LU CODE | 42800231038 | SBI | AO+FO |
| 2 | LU EXAM FEE COLLECTION A/C | 41474937617 | SBI | AO+FO |
| 3 | LU CENTER OF ONLINE AND DISTANCE | 42800231038 | SBI | AO+FO |
| 4 | LUCKNOW UNIVERSITY | 353302010832353 | UBI | AO+FO |
| 5 | LU EXAMINATION FEE A/C | 353302010832383 | UBI | AO+FO |
| 6 | LU HOSTER MANEGEMENT SYS A/C | 50100630373529 | HDFC | AO+FO |
| 7 | HOSTEL MANAGEMENT A/C | 50100640026446 | HDFC | DSW+CP |
| 8 | LU MISCFEE A/C | 126301001274 | ICICI | AO+FO |
| 9 | LU EXAM FEE A/C | 126301001273 | ICICI | AO+FO |
| 10 | LU UG/PG ADMISSION A/C | 126301001275 | ICICI | AO+FO |

अतः उक्तानुसार अवगत होते हुए वित्त समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–04**

प्रति–कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा समर्थ पोर्टल के माध्यम से किये जाने वाली भर्ती हेतु किये जाने वाले विज्ञापन से प्राप्त हाने वाली धनराशि हेतु स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया में खाता खोले जाने विषयक पत्र प्रेषित किया गया है, जो वित्त समिति के समक्ष सूचनार्थ एवं विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–05**

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की डिस्पेन्सरी से दिनांक 31.05.2024 को रेजीडन्ट मेडिकल आफिसर के पद से सेवानिवृत्त हो चुके डा० मुकुल चन्द्रा, को सेवानिवृत्ति, के उपरान्त पुनर्नियुक्ति किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा पूर्व में निर्धारित वेतन रू0 60,000/– पर किये जाने हेतु इस शर्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया कि प्रकरणे कार्य–परिषद के अनुमोदन के उपरान्त पुर्न–नियुक्ति की जाए।

**बिन्दु संख्या–06**

प्रो0 राकेश द्विवेदी, विभागाध्यक्ष, समाज कार्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा प्रेषित प्रस्ताव जोकि विभाग में Assistant Professor in Master of Social Work (SF) के पद पर संविदा के आधार पद सृजन से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–07**

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में संविदा (Under-Self-Finance) के अन्तर्गत 10 टेक्नीशियन 11–11 माह के Renewal के आधार पर रू0 35,000/– प्रतिमाह की दर पर नियोजित किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–08**

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में भाउराव देवरस के नाम से स्थापित शोधपीठ हेतु तैयार किये गये वित्तीय वर्ष 2024–25 का आय–व्ययक वित्त समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–09**

प्रो0 अमिता कनौजिया द्वारा प्रेषित प्रस्ताव Wild Life Sciences (ONGC-CAS) and EIACP in Colaboration with Jute Artisans Guild Association Lucknow के द्वारा आयोजित Green Skills Development Entitled Entrepreneurship in Jute Sector from 15th to 18th May, 2024 जिसमें प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं हेतु दिये जाने वाले चार्ज प्रोफेसनल रू0 5000/– एवं नान–प्रोफेशनल हेतु रू0 2000/– दिये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव समिति के समक्ष विचार विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया गया एवं विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि उक्त प्रस्ताव सेमीनार की उपयुक्त समिति से अनुमोदन के उपरान्त प्रस्तुत किया जाए।

**बिन्दु संख्या–10**

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के नाम से स्थापित शोधपीठ हेतु तैयार किये गये वित्तीय वर्ष 2024–25 का आय–व्ययक विचार–विमर्श हेतु वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

(हिमानी चौधरी)
वित्त अधिकारी

(डा. विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

(विद्यानन्द त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

(डा0 सुधीर कुमार)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, उ0शि0
उ0प्र0 शासन।

(आर. के. सिंह)
सहायक लेखाधिकारी, पेंशन एवं कोषागार,
प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव (वित्त),
उ0प्र0 शासन।

(प्रो0 मनुका खन्ना)
प्रति–कुलपति

(प्रो0 आलोक कुमार राय)
कुलपति

P 3/3